डारो डारो री रंग बनवारी पै

डारो डारो री रंग बनवारी पै, डारो डारो री।

लालहिं लाल गुलाल गाल मलु,
मलु अबीर लटकारी पै, डारो डारो री।

रंग बिरंग रंग पिचकारिन,
डारो री गिरिधारी पै, डारो डारो री।

छोरी लेउ याकी लटुकी कमरिया,
लै चलु भानुदुलारी पै, डारो डारो री।

सेहरा बांधि बनाय दुल्हनिया,
मिली नचाऊ अलि तारी पै, डारो डारो री।

बलिहारी 'कृपालु' ब्रज नारिन,
बलिहारी येही यारी पै, डारो डारो री।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/401/title/daaro-daaro-ri-rang-banwaari-pai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |